आर्थिक सुधारों से यूपी टॉप अचीवर बना: पीयूष

लखनऊ,विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार द्वारा घोषित बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2022 में यूपी ''टॉप अचीवर'' राज्य बनकर उभरा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह ऐलान करते हुए यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी को टॉप अचीवर राज्य का अवार्ड देकर सम्मानित किया। मंत्री नन्दी ने राष्ट्रीय औद्योगिक विकास कारिडोर कार्यक्रम के तहत बुन्देलखण्ड एवं मध्यांचल क्षेत्र से एक-एक शहर को शामिल किये जाने का अनुरोध किया। केंद्र ने हाल में प्रयागराज व आगरा को इसमें शामिल करने का ऐलान किया है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी को अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद थे।

दिल्ली में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा गुरुवार को उद्योग समागम में उत्तर प्रदेश को व्यापार और नागरिक केंद्रित सुधार क्षेत्र में टॉप अचीवर घोषित किया गया। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयास, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, बेहतर औद्योगिक नीति एवं विकासोन्मुखी योजनाओं की वजह से देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में व्यापार और नागरिक केंद्रित सुधार क्षेत्र में काफी बदलाव आया है।

इस तरह हुआ सुधार: बीआरएपी 2022 ने व्यापार विनियमन एवं नागरिक सेवाओं के कुल 352 सुधार बताए थे। उत्तर प्रदेश ने इनमें से 100% सुधारों को सफलतापूर्वक लागू किया, जिसमें कारोबारी वातावरण में सुधार लाने के लिए केंद्रित 261 कार्य बिंदु और नागरिक-केंद्रित सेवाओं को बेहतर करने पर केंद्रित 91 कार्य बिंदु शामिल थे। उत्तर प्रदेश ने भूमि के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया।